(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३

पंजीयन क्र.-17195

दूरभाषः (0755) 2761225, ई-मेलः *vidyabhartibpl@gmail.com,*

www.vidyabhartimp.org

पत्र क्रमांक :25../2020 दिनांक-15/06/2020

प्रति,

श्रीमान व्यवस्थापक/प्राचार्य/प्रधानाचार्य महोदय,
समस्त सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर,
मध्यभारत प्रान्त।

प्रिय बन्धुवर/भगिनी

सादर नमस्कार।

प्रभु कृपा से आप स्वस्थ, सकुशल होंगे। कोविड -19 के कारण दीर्घकालीन लॉक डाउन के पश्चात् अब अनलॉक वन प्रारम्भ होने के साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र की गतिविधियाँ प्रारम्भ हो गई हैं। आने वाले समय में स्थितियाँ सामान्य होने पर विद्यालय भी प्रारम्भ होंगे ही। दीर्घ काल तक बंद रहने के कारण विद्यालय प्रारम्भ होने से पूर्व हमें कुछ तैयारियाँ करनी होंगी तथा आगे विद्यालयों का संचालन सुचारू रूप से हो इस हेतु अभी तक चल रही गतिविधियों के साथ कुछ और गतिविधियाँ भी जोड़नी होंगी। यद्यपि आप इस दृष्टि से पर्याप्त रूप से सजग व सक्रिय हैं, फिर भी कुछ और महत्त्वपूर्ण बातों की ओर ध्यानाकर्षण की दृष्टि से यह पत्र प्रेषित किया जा रहा है।

1. अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस दिनाँक 21 जून 2020 को अपने विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ उनके अभिभावक तथा परिवार जन, रिश्तेदार व परिचित 'योग' करें, इस हेतु तैयारी करना। आसनों के वीडियो, अभिभावकों तथा भैया-बहनों तक पहुँचाना। (प्रारूप संलग्न है)
2. अभिभावक सम्पर्कः आवश्यक सावधनी रखते हुए सभी अभिभावकों के घर जाकर प्रत्यक्ष सम्पर्क करना।
3. नये प्रवेश हेतु प्रयास।
4. कार्यकर्ताओं के प्रवास : आवश्यक सावधनी रखते हुए प्रवासी कार्यकर्ताओं के प्रवास प्रारम्भ हो। प्रवास का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं के मन की बात सुनना तथा उनका उत्साहवर्धन होना चाहिए।
5. विद्यालय प्रारम्भ होने के पूर्व उसकी पूर्ण स्वच्छता (Sanitation)।
6. विद्यालय आरम्भ होने के प्रथम दिन पवित्रता और आध्यात्मिकता तथा उत्साह के वातावरण का निर्माण करने हेतु हवन, उत्सव, देव-दर्शन आदि कार्यक्रम।
7. कोविड 19 के सम्बन्ध में सरकारी निर्देशों का पूर्णतः पालन करना। इस हेतु निर्देशिका तैयार कर अभिभावकों तक पहुँचाना, उनका मन बनाना तथा उन्हें सहभागी बनाना ।
8. आवासीय विद्यालयों के सम्बन्ध में विशेष सावधानियाँ रखना। सरकारी निर्देशों को पूर्णतः पालन करना।
9. आने वाले सत्र में शिक्षण हेतु कम दिन मिलने वाले हैं। सम्भवतः शासकीय स्तर पर भी पाठ्यक्रम कुछ कम किया जा सकता है। अतः आचार्यों की तैयारी इस प्रकार होना चाहिए कि पाठ्यक्रम के अवधारणा पक्ष को विद्यार्थी भलीभाँति समझ सकें। विद्यार्थी सीखने हेतु स्वयं प्रेरित व संकल्पित हों, उन्हें पढ़ने में आनन्द आए।
10. इस सत्र में विद्यालयों के समक्ष आर्थिक कठिनाइयाँ आने की सम्भावना भी हो सकती हैं। आर्थिक संसाधनों का मितव्ययता के साथ सदुपयोग हो, इस बात को ध्यान में रखकर आर्थिक नियोजन करने की आवश्यकता रहेगी। वर्तमान वर्ष में यथा सम्भव नवीन निर्माण कार्य, वाहन खरीद आदि को न करना ही उचित होगा। आगामी समय को ध्यान में रखकर उपर्युक्त सुझाव भेजा जा रहा है। यदि आपके विद्यालय में इस सम्बन्ध में कोई विशेष योजना बनाई गई है तो कृपया अवश्य अवगत कराएँ।

धन्यवाद्

संलग्नः योग दिवस प्रारूप

(मोहनलाल गुप्ता)
प्रादेशिक सचिव

प्रतिलिपिः-

1. मा. अध्यक्ष/ संगठन मंत्री/सहसंगठन मंत्री मध्यभारत प्रान्त।
2. श्रीमान प्रान्त प्रमुख /समस्त विभाग समन्वयक मध्यभारत प्रान्त।

E:\Patil July 18-19\Vidyalaya

विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2020

क्र.	विद्यालय का नाम	योग दिवस पर प्रतिभागी संख्या									योगाभ्यास करने वाले परिवारों की संख्या	सामूहिक योगाभ्यास करने वालों की संख्या	व्यक्तिगत योगाभ्यास करने वालों की संख्या
		विद्यालयों की छात्र संख्या			आचार्य परिवार की संख्या			अभिभावक एवं समाज की सहभागिता संख्या					
		भैया	बहिन	योग	आचार्य	दीदी	योग	पुरूष	महिला	योग			
1													
2													
3													
4													
5													
6													
7													
8													
9													
10													
11													
12													
13													
14													
15													
16													
17													
18													
19													
20													
	योग												
	आलोक- जिला केन्द्र, अपने जिले के विद्यालयों की जानकारी संकलित करके दिनांक 25 जून 2020 तक प्रान्तीय कार्यालय को भेजना है।												